संपादक :- रंजीत सिंह

RNI No-UPHIN/2001/03844

साप्ताहिक

# राष्ट्रीय मानवाधिकार

संपर्क सूत्र- 9779193694, email- rashtriyamanvadhikar@gmail.com



वर्ष : 26 अंक : 06 | मेरठ, मंगलवार, 02 जून 2026 | पृष्ठः 04 | मूल्य : एक रूपया

## शुद्ध नीयत व निरंतर परिश्रम ही सफलता की कुंजी: योगी

### योगी ने उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और प्रधानाचार्यों को किया सम्मानित

» एजेंसी। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकभवन सभागार में आयोजित मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए किसी शॉर्टकट की नहीं, बल्कि ईमानदार मेहनत, अनुशासन और सही दिशा में निरंतर प्रयास की आवश्यकता होती है। सफलता उन्हीं को मिलती है, जो कठिन परिश्रम से पीछे नहीं हटते और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहते हैं। मुख्यमंत्री ने विभिन्न बोर्डों की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान केवल विद्यार्थियों की उपलब्धि नहीं, बल्कि माता-पिता के त्याग, शिक्षकों के मार्गदर्शन और नकलमुक्त, पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था का भी परिणाम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मुख्य समारोह में 223 छात्र-छात्राओं को जिन्होंने प्रदेश की टॉप-10 की सूची में अपना स्थान बनाया है, सम्मानित किया जा रहा है। इसके साथ ही जनपद स्तर पर टॉप-10 में आने वाले 1459



छात्र-छात्राओं को सभी 75 जनपदों में आयोजित समारोहों के माध्यम से सम्मानित किया जा रहा है। ये वास्तव में इन छात्र-छात्राओं के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और आगे बढ़ने के लिए जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव भी। यह समारोह इस बात का प्रतीक है कि सही दिशा में किया गया परिश्रम अवश्य फलदायी होता है और परिणाम सुखद होता है।

सीएम योगी ने कहा कि आज जिन 223 विद्यार्थियों को सम्मानित किया जा रहा है, उनमें छात्रों की संख्या 85 और छात्राओं की संख्या 138 है। अर्थात् छात्राओं ने मेरिट में अधिक स्थान प्राप्त किए हैं। यह संख्या स्पष्ट रूप से बताती है कि छात्राएं अधिक मेहनत करती हैं और बेहतर अंक प्राप्त करने की क्षमता रखती हैं। लोग सोचते थे कि छात्राएं घर में अपनी माताओं का हाथ बंटाती हैं, लेकिन अब लगता है परिवर्तन आ गया है। अब शायद छात्र घर में झाड़ू-पोछा, सब्जी लाने और अन्य घरेलू कामों में अधिक हाथ बंटा रहे हैं। इसीलिए छात्रों के अंक कम आए हैं और छात्राएं मेरिट में आगे हैं। छात्रों के लिए यह प्रेरणा होनी चाहिए कि छात्राएं घर का काम करते हुए भी बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। मेरा मानना है कि "बेटी पढ़ेगी तो आगे बढ़ेगी और देश व समाज को भी आगे बढ़ाएगी"।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि माता-पिता समय रहते बच्चों पर ध्यान दें, सही मार्गदर्शन दें तो उनका भविष्य उज्ज्वल होता है। अभिभावकों के प्रयास, शिक्षकों के मार्गदर्शन और प्रधानाचार्यों के अनुशासन, इन तीनों की बड़ी भूमिका होती है। किसी भी बच्चे के लिए अभिभावक ही पहला गुरु होता है। आजकल हम क्या देख रहे हैं? बच्चा रो रहा है तो माता-पिता उसे चुप कराने के लिए तुरंत स्मार्टफोन थमा देते हैं। दो-तीन साल के छोटे बच्चे को भी स्मार्टफोन पकड़ा दिया जाता है और वीडियो गेम में लगा दिया जाता है। ऐसा मत कीजिए, कुछ देर रोने दीजिए। उसे रचनात्मक गतिविधियों से जोड़िए, जो उसके समग्र विकास में मदद करें। दो-तीन वर्ष के बच्चे को स्मार्टफोन और गेमिंग से जोड़ने के घातक परिणाम हम सबके सामने हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यहां ज्ञान की एक समृद्ध परंपरा रही है। हमने विद्या को केवल अक्षर ज्ञान तक सीमित नहीं रखा। "सा विद्या या विमुक्तये" अर्थात् वह विद्या जो जीवन के हर क्षेत्र में मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करे, चुनौतियों से लड़ने की प्रेरणा दे और समाज व राष्ट्र को आगे बढ़ाए। प्राचीन काल से देखें तो श्रीराम को गुरु वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र व महर्षि वाल्मीकि ने मर्यादा पुरुषोत्तम बनाया। उत्तर से दक्षिण तक भारत की एकता महर्षि अगस्त्य जैसे गुरुओं के कारण संभव हुई। दुनिया में भारत का सम्मान इसलिए था क्योंकि हमारे पास ज्ञान की सबसे बड़ी धरोहर थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 9 वर्ष पहले नकलयुक्त परीक्षाएं होती थीं और मेरिट का कोई भरोसा नहीं था। शिक्षकों की भर्ती भी ठीक से नहीं होती थी। छात्र भी सोचते थे कि मेहनत करने की जरूरत नहीं। पिछले 9 वर्षों में हमने प्रदेश में नकल मुक्त परीक्षाएं सुनिश्चित की हैं। आज माध्यमिक शिक्षा परिषद में 56 लाख छात्र-छात्राएं समय पर परीक्षा देते हैं और परिणाम भी मात्र 14-15 दिनों में आ जाते हैं। प्रॉक्सी टीचर की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है।

## भाजपा चुनावी खर्च के लिए बिजली बिल पर लगा रही सरचार्ज: अखिलेश



» एजेंसी। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव के तिकड़मी खर्चों की व्यवस्था के लिए बिजली बिल के नाम पर 'इलेक्शन सरचार्ज' लगा रही है। जून से बिजली का बिल देखकर लोगों के आंखों के आगे अंधेरा छाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि दरअसल बिजली के बिल में भाजपा का कमीशन बढ़ा है।

अखिलेश ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार महंगाई बढ़ा कर जनता की जेब काट रही है। भाजपा सरकार में पहले से ही मंहगाई चरम पर है, उसके बाद भी वह लगातार मंहगाई बढ़ाती जा रही है। मंहगाई से जनता पहले से त्रस्त हैं। भाजपा कभी डीजल, पेट्रोल, कभी बिजली और कभी गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा रही है। आम जनता बेबस और परेशान हैं। भाजपा की कथनी करनी में बहुत अंतर है। उसने मंहगाई कम करने का वादा किया था, लेकिन जबसे सरकार आई है, रोज मंहगाई बढ़ाती जा रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों से जनता त्रस्त है। भाजपा, पूंजीपतियों के लिए नीतियां बनाती है। उन्हीं के लिए काम करती है। गरीबों की जेब से पैसा निकाल कर पूंजीपतियों की पूंजी बढ़ाती है, फिर उनसे कमीशन और चंदे लेती है। भाजपा गरीब, किसान विरोधी है। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा को हटा कर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएगी तभी महंगाई से निजात मिलेगी।

## शिक्षा को कारोबार बनाना सभी बुराइयों का आधार

» एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड पर उसकी गलतियों के लिये छात्रों से शुल्क वसूली को लूट करार देते हुए कहा है कि जब शिक्षा को सेवा के बजाय कारोबार बना दिया जाता है तो उससे अनेक बुराइयां जन्म लेना शुरू कर देती हैं। श्री गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा, "सीबीएसई की गलती से नंबर गलत आएं तो उसकी कीमत छात्रों को चुकानी पड़ती है। डिजिटल स्कैन कॉपी, री-टोटलिंग और री-इवैल्यूएशन के लिए अलग-अलग शुल्क देना पड़ता है। अपनी ही उत्तर पुस्तिका की सही जांच कराने के लिए एक छात्र को हजारों रुपये तक खर्च करने पड़ सकते हैं।" मूल्यांकन प्रक्रिया में त्रुटियों का बोझ छात्रों पर डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि गलती सीबीएसई करती है और इसकी सज़ा बच्चे को मिलती है और सरकार इससे कमाई करती है। कांग्रेस नेता ने कहा "जब शिक्षा को सेवा नहीं बल्कि कारोबार बना दिया जाता है तो गलतियां सुधरने के बजाय व्यवस्था का हिस्सा बन जाती हैं और इसकी सबसे बड़ी कीमत बच्चों को अपने समय, आत्मविश्वास और भविष्य से चुकानी पड़ती है।" गौरतलब है कि सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं की डिजिटल प्रति, पुनर्गणना तथा पुनर्मूल्यांकन की सुविधा शुल्क पर उपलब्ध कराने को लेकर हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर बहस तेज हुई है, जिसे लेकर श्री गांधी ने यह टिप्पणी की है।

## महंगाई का कोबरा अब एनाकोंडा बनता जा रहा : सुनील सिंह

» एजेंसी। लखनऊ

लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने बढ़ती महंगाई और बिजली बिलों में प्रस्तावित फ्यूल चार्ज वृद्धि को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने सोमवार को कहा कि महंगाई का कोबरा अब धीरे-धीरे एनाकोंडा बनता जा रहा है, जो आम जनता, किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों और मध्यम वर्ग की आय को निगलता जा रहा है। सुनील सिंह ने कहा कि खाद, बीज, कीटनाशक, डीजल और बिजली की बढ़ती कीमतों ने किसानों की खेती की लागत में भारी वृद्धि कर दी है। इसके बावजूद किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है, जिससे किसान आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने उप्र बिजली विभाग द्वारा बिजली बिलों में फ्यूल चार्ज में 10 प्रतिशत तक वृद्धि के प्रस्ताव का पुरजोर विरोध किया।

## जिसमें दूसरों को सिखाने की क्षमता हो, उसे ही श्रेष्ठ शिक्षकों की श्रेणी में स्थान दिया जाना चाहिए: मोदी

» एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर संयुक्त क्रिया (कम्पाउंड वर्ब) को लेकर संस्कृत सुभाषित शेयर किया। पीएम मोदी ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, कंपाउंड वर्ब (संयुक्त क्रिया) का अर्थ है- एक शब्द की विशेषता को उससे जुड़े दूसरे शब्द में स्थानांतरित कर देना या जोड़ देना।

जिस व्यक्ति में ये दोनों गुण हों, उसे ही शिक्षक के कर्तव्यों का पालन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने एक संस्कृत श्लोक 'शिलष्टा क्रिया कस्यचिदात्मसंस्था सङ्क्रान्तिरन्यस्य विशेषयुक्ता। यस्योभयं साधु स शिक्षकाणां धुरि प्रतिष्ठापयितव्य एव।।' साझा किया। इस श्लोक का हिंदी अर्थ है कि कुछ लोग



स्वयं किसी कार्य को करने में बहुत निपुण होते हैं, जबकि कुछ अन्य लोग उस ज्ञान या कौशल को दूसरों तक बहुत अच्छी तरह पहुंचाने में विशेष योग्य होते हैं। जिस व्यक्ति में ये दोनों गुण, खुद में निपुणता और दूसरों को सिखाने की क्षमता, निहित हों, उसे ही सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों की श्रेणी में सबसे आगे स्थान दिया जाना चाहिए।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने 29 मई को सुभाषित शेयर किया था। पीएम मोदी ने विनम्रता, क्षमाशीलता और उत्तम आचरण को लेकर सुभाषित शेयर करते हुए लिखा था कि विनम्रता, क्षमाशीलता और उत्तम आचरण ही व्यक्तित्व के सच्चे आभूषण हैं। इन गुणों के साथ ही आज देशवासी विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में निरंतर जुटे हैं।

प्रधानमंत्री ने 'तेजः क्षमा धृतिः शौचमद्रोहो नातिमानिता। भवन्ति सम्पदं दैवीमभिजातस्य भारत।।' संस्कृत श्लोक भी साझा किया था। इस श्लोक का हिंदी अर्थ है कि तेजस्विता, क्षमाशीलता, अदम्य धैर्य, आचरण की पवित्रता, राष्ट्र के प्रति निष्कपट भाव तथा अहंकाररहित व्यक्तित्व ये सभी गुण दैवी संपदा को प्राप्त व्यक्तित्व के लक्षण कहे गए हैं। बता दें कि प्रधानमंत्री की ओर से गुरुवार 28 मई को भी सुभाषित शेयर किया गया था।

## विविधता में भी एकता देखता है हिन्दुत्व : डॉ. ओमप्रकाश

लखनऊ। जिसके कार्यों से किसी को कष्ट न पहुंचे। जो सभी प्राणियों को अपने जैसा ही मानता है। सबका सम्मान करता है। कण-कण में ईश्वर की अनुभूति करता है। जो अखंडता, निरन्तरता में विश्वास करता है, वह हिन्दू है। यह बातें राष्ट्रधर्म कार्यालय में सोमवार को आयोजित पुस्तक चर्चा में डॉ. ओमप्रकाश ने कही। कार्यक्रम में प्रख्यात चिंतक, विद्वान आचार्य विद्यानिवास मिश्र की पुस्तक 'हिन्दू, हिन्दुत्व और भारतीय संस्कृति' पर चर्चा की गयी। चर्चा में डॉ. ओमप्रकाश ने अत्यन्त गम्भीर विषय-वस्तु को अत्यन्त सहज, सरल और स्पष्टता से सबके सामने रखा। उन्होंने कहा कि हिन्दू अपने को सर्वश्रेष्ठ नहीं मानता है, किन्तु वह किसी अन्य को भी सर्वश्रेष्ठ नहीं मानता है। क्योंकि उसका मानना है कि ईश्वर को पाने के अनेक मार्ग हैं जिनमें हिन्दुत्व भी एक है। डॉ. ओमप्रकाश ने कहा कि हिन्दू कभी अधिकारों की बात नहीं करता है। वह केवल अपने कर्म पर ध्यान देता है।


## सम्पादकीय

### आईपीएल में अनुभव और युवा जोश का संगम

भले ही फटाफट क्रिकेट का मक्का कहे जाने वाला आईपीएल बाजार और नई पीढ़ी के जुनून का संगम हो, लेकिन लोकप्रियता के नये आयाम तय करता यह खेल अब दुनिया के क्रिकेट प्रेमियों की पहली पसंद बन गया है। इस बार इंडियन प्रीमियर लीग के सबसे चमकीले सितारे बनकर उभरे टी-20 सनसनी वैभव सूर्यवंशी। महज पंद्रह साल की उम्र में उनकी कामयाबी हैरत में डालने वाली है। वहीं अनुभवी क्रिकेटर विराट कोहली ने अपने खास अंदाज में सबका ध्यान आकर्षित किया। इस 37 वर्षीय दिग्गज क्रिकेटर ने फाइनल में तूफानी अर्धशतक लगाकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु यानी आरसीबी को लगातार दूसरी बार ट्राफी दिलाई। दो महीने तक चले इस टूर्नामेंट में कोहली की फॉर्म और फिटनेस शानदार रही है। यही वजह है कि वर्ष 2027 एकदिवसीय क्रिकेट के विश्व कप में उनकी भागीदारी अब लगभग तय लग रही है। खुद कोहली ने इस बात को स्वीकार किया है कि उन्हें अपनी मनःस्थिति में बदलाव लाने और युवा खिलाड़ियों से थोड़ा सीखने की जरूरत थी, ताकि वे टी-20 क्रिकेट में अपने खेल को नये सिरे से निखार सकें। यह सुखद ही है कि इस दिग्गज क्रिकेटर की यह ईमानदार स्वीकारोक्ति भारतीय क्रिकेट को आकार दे रही स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की खूबसूरत बानगी को ही दर्शाती है। निस्संदेह, हाल ही में संपन्न हुए इंडियन प्रीमियर लीग सीजन ने साफ दिखाया कि दो पीढ़ियों के क्रिकेटर कैसे एक-दूसरे के पूरक भी हो सकते हैं। वास्तव में, विराट कोहली आज भी एक प्रभावशाली खिलाड़ी की छवि को बनाये हुए हैं। वहीं वैभव सूर्यवंशी जैसे उदीयमान खिलाड़ी यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि इस फटाफट क्रिकेट में खेल का निरंतर विकास होता रहेगा। यह सुखद ही है कि राजस्थान रॉयल्स के इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी सूर्यवंशी ने अधिकांश पुरस्कार अपने नाम किए हैं। मसलन मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर, इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन, सुपर स्ट्राइक ऑफ द सीजन, ऑरेंज कैप विजेता और सुपर सिक्स ऑफ द सीजन जैसे खिताब हासिल किए। इसमें दो राय नहीं कि वैभव सूर्यवंशी के क्रिकेट के वैभव ने आज पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। क्रिकेट की दुनिया के तमाम दिग्गज क्रिकेटर इस उदीयमान खिलाड़ी के क्रिकेट के कारनामों से हतप्रभ हैं। वे वैभव को आशीष व अनुभव दे रहे हैं। यहां तक कि सचिन तेंदुलकर ने उसे अपना स्वाभाविक क्रिकेट खेलने की सलाह तक दी है। इतना ही नहीं, भारत के चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान में भी वैभव को पूरा लाड मिल रहा है। पूरे पाकिस्तान में उसकी खेल तकनीक की खूब चर्चा होती है।

# बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानिति

» संवाददाता



बागपत। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के 23 मेधावी छात्र-छात्राओं का सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छपरौली विधायक अजय कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष नीरज कुमार शर्मा व जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मेधावियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में इंटरमीडिएट के 13 और हाईस्कूल के 10 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं 21 हजार का चेक प्रदान किए गए।

इस मौके पर लखनऊ के लोकभवन में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम में विधायक अजय कुमार ने कहा कि शिक्षा समाज में सम्मान दिलाती है, आत्मविश्वास बढ़ाती है तथा व्यक्ति को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि जिस भी कार्य को करें, उसे ईमानदारी, लगन और समर्पण के साथ करें। परिश्रम कठिन अवश्य हो सकता है, लेकिन सफलता का वास्तविक मार्ग मेहनत से ही निकलता है। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कहा कि छात्र-छात्राओं के लिए गौरव के क्षण हैं। जो विद्यार्थी अपने माता-पिता एवं जनपद का नाम रोशन करते हैं, वे राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि सफलता आपकी पहचान बनती है, इसलिए जिस भी क्षेत्र का चयन करें, पूरी मेहनत, लगन एवं अनुशासन के साथ कार्य करें।

यह जीवन का वह महत्वपूर्ण पड़ाव है जहां से सपनों को आकार मिलता है। हर सपने को साकार करने के लिए कठिन परिश्रम एवं अनुशासन आवश्यक है। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राघवेंद्र सिंह समेत अन्य अधिकारी, शिक्षक, अभिभावक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। ये हुए सम्मानित कार्यक्रम में हाईस्कूल की मेधावी छात्रा जानवी जैन, तुषार, शताक्षी रूहेला, अनुष्का, मंयक, पूर्वी, पलक वत्स, कनक, कार्तिक राणा व सक्षम को सम्मानित किया गया। इसके अलावा इंटरमीडएट की मेधावी छात्रा कोमल, आयुषी भारद्वाज, आंचल, साक्षी शर्मा, निष्ठा आर्य व लाईबा, काव्या, आकांक्षा पांडेय, साकिब, आरती, शिवांश वात्स्य, अवन्तिका चौधरी, सोफिया को प्रशस्ति पत्र व 21-21 हजार रूपये के चेक देकर सम्मानित किया गया।

# कृष्ण-रुक्मिणी विवाह की कथा सुनकर भाव-विभोर हुए श्रद्धालु



» संवाददाता

बिनौली। धनोरा सिल्वर नगर गांव के शिव चौक में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में सोमवार को भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के विवाह और मीराबाई की अटूट भक्ति और समर्पण की कथा का वर्णन किया। कथावाचक कृष्ण मुरारी शास्त्री चित्रकुट धाम ने कहा भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह प्रेम, भक्ति, और कर्तव्य के महत्व को दशार्ता हैं। जो भक्त प्रेमी कृष्ण रुक्मिणी के विवाह में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती हैं। उन्होंने विस्तृत विवरण देते हुये कहा कि रुक्मणी के भाई ने उसका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था, लेकिन रुक्मणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल गोपाल को पति के रूप में वरण करेंगी। शिशुपाल असत्य मार्गी हैं। भगवान श्रीकृष्ण सत्य मार्गी हैं। इसलिए वो असत्य को नहीं सत्य को अपनाएगी। अंत में श्रीकृष्ण ने रुक्मणी के सत्य संकल्प को पूर्ण किया। उन्होनें बताया मीराबाई बचपन से ही कृष्ण की अनन्य भक्त थीं। उसने कृष्ण को अपना सर्वस्व और पति माना, राजपरिवार में विवाह होने के बाद भी उनका मन सांसारिक वैभव में नहीं लगा, और वे निरंतर कृष्ण- भक्ति में लीन रहीं। अनेक कठिनाइयों और विरोधों के बावजूद उन्होंने भक्ति का मार्ग नहीं छोड़ा। उनके भजन आज भी प्रेम, समर्पण और ईश्वर-भक्ति की अमूल्य धरोहर हैं। कथा में बृसपाल कश्यप, मनीष शर्मा, मोहित कौशिक, भूषण कौशिक, विनोद कुमार, पूनम देवी, प्रेमलता आदि उपस्थित रहे।

## नगर के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रही है टीम

» संवाददाता

बड़ौत। नगर के गांधी रोड स्थित नवनिर्मित माधव कुंज अपार्टमेंट का उद्घाटन पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. सत्यपाल सिंह ने फीता काट कर किया। पूर्व मंत्री व पूर्व सांसद डा. सत्यपाल सिंह ने कहा कि नगर में विकास हो रहा है। इसमें नगर पालिका परिषद बड़ौत के भाजपा के पूर्व प्रत्याशी सुधीर मान की भूमिका अग्रणी है। अभी तक अपार्टमेंट दिल्ली व अन्य मैट्रो शहरों में बनते रहे हैं। लेकिन बड़ौत में यह योजना सुधीर मान लाए हैं। डॉ. सत्यपाल सिंह ने कहा कि हाईटेक डेवलपर द्वारा निर्मित माधव कुंज अपार्टमेंट भूकंप रोधी तकनीक से बनाया गया है।

## रालोद ने केंद्र सरकार के फैसला का स्वागत किया

» संवाददाता

गाजियाबाद। रालोद ने गन्ना नियंत्रण आदेश-2026 को वापस लिए जाने पर केंद्र सरकार के फैसले का स्वागत किया है। रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय वीर सिंह ने कहा कि जयंत चौधरी के प्रयास से केंद्र सरकार ने गन्ना किसानों और खांडसारी उद्योग के हित में गन्ना नियंत्रण आदेश के मसौदे को वापस लिया है। यह किसानों की भावनाओं का सम्मान है क्योंकि किसानों, गुड़ और खांडसारी उद्योग से मिले सुझाव और आपत्तियों पर विचार करके ही केंद्र सरकार ने गन्ना नियंत्रण आदेश पर फिर से विचार कर यह निर्णय लिया है।

## पक्का करने की मांग पर सफाई कर्मियों ने ज्ञापन सौंपा

» संवाददाता

गाजियाबाद। दीना भाना फाउंडेशन एवं उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ ने सोमवार को निगम मुख्यालय जाकर विभिन्न मांग पूरी कराने के लिए उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज सिंह को ज्ञापन सौंपा। मांग उठाई कि बोर्ड प्रस्तावित सफाई कर्मचारियों को पक्का किया जाए। सभी को समान कार्य का समान वेतन दिया जाए और ठेकेदारी प्रथा समाप्त की जाए।

# भू-माफिया के कब्जे पर चला प्रशासन का डंडा, जनसुनवाई में लगाई गुहार

» संवाददाता

गाजियाबाद। जिले में भू-माफियाओं और अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ प्रशासन का सख्त रुख सोमवार को एक बार फिर देखने को मिला, जब जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने स्वयं मौके पर पहुंचकर एक बुजुर्ग विधवा महिला को उसका मकान वापस दिलाया। वर्षों से न्याय की आस लगाए बैठी महिला को जब प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद अपने घर का कब्जा मिला तो उसकी आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। महिला ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उसे अब न्याय व्यवस्था पर फिर से विश्वास हो गया है।

मामला विजयनगर क्षेत्र के सेक्टर-11 स्थित बी-26 मकान का है। यहां रहने वाली चंचल पत्नी स्वर्गीय नरेंद्र बाबू ने बीते 29 मई को जिलाधिकारी की जनसुनवाई में पहुंचकर अपनी पीड़ा सुनाई थी। महिला ने आरोप लगाया था कि ताज मोहम्मद नामक व्यक्ति ने धोखाधड़ी और आर्थिक मजबूरी का फायदा उठाकर उसके मकान पर कब्जा कर लिया है। महिला के अनुसार उसने जरूरत के समय ताज मोहम्मद से डेढ़ लाख रुपये उधार लिए थे, जिसके बदले मकान के मूल दस्तावेज गिरवी रखे गए थे। बाद में ब्याज और अन्य मदों को जोड़कर रकम सात लाख रुपये बताई गई और इसी आधार पर मकान पर कब्जा कर लिया गया।

पीड़िता का आरोप था कि ताज मोहम्मद ने बाद में उक्त मकान का कब्जा मोमीन नामक व्यक्ति को दे दिया। महिला ने कई बार स्थानीय पुलिस अधिकारियों और संबंधित विभागों से शिकायत की, लेकिन उसे कोई राहत नहीं मिली। अंततः उसने जिलाधिकारी की जनसुनवाई में पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के निर्देश दिए। जांच के दौरान सामने आया कि महिला के आरोप प्रथम दृष्टया सही हैं। एसडीएम सदर अरुण दीक्षित द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में भी शिकायत को सही पाया गया। जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि आरोपित ताज मोहम्मद पूर्व में भी भूमि कब्जाने के मामलों में जेल जा चुका है।

सोमवार को जिलाधिकारी स्वयं डीसीपी सिटी धवल जायसवाल, एसडीएम सदर अरुण दीक्षित, एसीपी कोतवाली उपासना पाण्डेय तथा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने पूरे मामले की जांच की और मौके पर ही विधवा महिला को उसके मकान का कब्जा दिलाने की कार्रवाई कराई।

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर निकाली शोभा यात्रा

» संवाददाता

गाजियाबाद। अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती पर सोमवार को राष्ट्रीय समाज पार्टी व मातेश्वरी अहिल्याबाई होल्कर पाल समाज सेवा समिति ने भव्य शोभा यात्रा निकाली। यात्रा में बड़ी संख्या में पाल समाज के बुद्धिजीवी व प्रतिष्ठित लोग शामिल हुए। यात्रा के दौरान छोटी बच्चियों ने घोड़े पर सवार होकर महारानी अहिल्याबाई होल्कर की वेशभूषा में हाथ में तलवार लिए सुंदर झांकियों की प्रस्तुति दी। शोभा यात्रा की शुरुआत रामलीला मैदान घंटाघर से शुरू हुई और हिंडन मेट्रो स्टेशन स्थित महारानी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा प्रांगण पर जाकर संपन्न हुई। समाजसेवी ब्रह्मप्रकाश पाल, पूर्व राज्य मंत्री अजीत पाल एवं ग्रीनमैन विजय पाल बघेल ने शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखाई। शोभा यात्रा की कमान नरेश कुमार कीर राष्ट्रीय अध्यक्ष एससी-एसटी मोर्चा, राष्ट्रीय समाज पार्टी ने संभाली। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह शरबत व मीठे पानी की छबील लगाई। वहीं, समापन स्थल पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर पाल समाज गाजियाबाद के अध्यक्ष ब्रह्मपाल, महासचिव जगत सिंह पाल, उपाध्यक्ष रामभूल पाल, आरएसपी वरिष्ठ नेता नरेश कुमार कीर, महानगर अध्यक्ष हरीश पाल, शारदा शरन, रामभूल पाल, जगत सिंह पाल, प्रमोद चौधरी, रविंद्र होल्कर, मुकेश पाल, सुभाष पाल, जितेंद्र पाल, सुमनलता पाल, रीमा पाल, गीता, गणपत पाल, कौशल, महेंद्र, शीश पाल, राम कुमार आदि मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षाओं के टॉपर को किया सम्मानित

» संवाददाता

गाजियाबाद। लखनऊ में सोमवार को प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं में बेहतरीन अंक लाकर नाम रोशन करने वाले मेधावियों को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में जिला स्तर पर विकास भवन सभागार में भी समारोह का आयोजन हुआ, जहां कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने जिले के मेधावियों को नगद पुरस्कार, मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं टैबलेट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और सीडीओ कुमार सौरभ ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान लखनऊ के लोकभवन में आयोजित प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह का लाइव प्रसारण भी देखा गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा काम कर रही है। रोजगार परक शिक्षा भी दी जा रही है, ताकि कॉलेज से ही छात्र हाथ में नौकरी लेकर निकलें। आज यह सिर्फ कोई सम्मान समारोह नहीं है बल्कि छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के निरंतर प्रयास का नतीजा है। सीडीओ कुमार सौरभ ने छात्रों को लगातार लगन और मेहनत से सफल करियर बनाने के लिए प्रेरित किया।

# मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित

## अदीबा एवं ए.एस. इंटर कालेज मवाना की वंशिका उपाध्याय सम्मानित

» संवाददाता



मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में स्थित अटल सभागार में वर्ष 2026 की हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में जनपद स्तर पर टॉप 10 में अपना स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राओं को उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉक्टर सोमेन्द्र तोमर, लोकसभा सांसद अरुण गोविल, विधायक कैंट अमित अग्रवाल, विधायक सिवालखास गुलाम मोहम्मद, एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज, जिलाधिकारी डॉ वी.के. सिंह, मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल, संयुक्त शिक्षा निदेशक ओंकार शुक्ल, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार, सह जिला विद्यालय निरीक्षक कृष्ण कुमार द्वारा जनपद के मेधावी छात्र-छात्राओं का प्रशस्ति पत्र एवं मेंडल के साथ 21000 रूपये की धनराशि का चेक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मा0 मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। हाई स्कूल में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सेंट जोसेफ गर्ल्स इंटर कॉलेज सरधना की छात्रा अदीबा, इंटरमीडिएट में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली ए.एस. इंटर कॉलेज मवाना की छात्रा वंशिका उपाध्याय के साथ हाई स्कूल में जहां आरा मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज काशी के दक्ष सुरेश देवी हेमचंद त्यागी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गंगानगर की तृप्ति सिंह, आयुष, तानिया सिंह, महात्मा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज अन्नावली के यकुल, सेंट चार्ल्स इंटर कॉलेज सरधना के आर्यन, महेंद्र सिंह स्मारक इंटर कॉलेज रिठानी की कीर्ति, पीडीएम पब्लिक हाई स्कूल खुर्द दयालपुर मवाना के चीकू सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मवाना की अनन्या मिश्रा, इंटरमीडिएट में स्टार अलफलाह इंटर कॉलेज किठौर के जमरूद, सुरेश देवी हेमचंद त्यागी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गंगानगर की सपना, पायल, किंजल, आंचल निकिता रानी, आइडियल चिल्ड्रन इंटर कॉलेज फलावदा की दिव्यांशी शर्मा जेमिनी इंटर कॉलेज फूलबाग कॉलोनी के महसर गुरुकुल सर्वोदय इंटर कॉलेज पांचली खुर्द के हर्ष व स्टार अल फलाह इंटर कॉलेज किठौर की सोफिया को सम्मानित किया गया। प्रदेश स्तर पर के0एल इंटरनेशनल स्कूल सोमदत्त विहार के विवान अग्रवाल को सम्मानित किया गया। ए.एस. इंटर कालेज मवाना मेरठ के प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह ने जिलाधिकारी डॉक्टर वी.के. सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल को बताया कि कक्षा 12 की जनपद टॉपर वंशिका उपाध्याय एक मजदूर वर्ग के परिवार से है तथा जब परीक्षा परिणाम घोषित हुआ उस समय छात्रा खेत में गेहूं काट रही थी तभी जिलाधिकारी डा. वी. के. सिंह ने वंशिका उपाध्याय एवं उसके माता-पिता को अपने पास बुलाकर कहा कि आप जो भी कोर्स करना चाहेंगे या तकनीकी क्षेत्र बीटेक में जाना चाहते हैं तो उसकी फीस की समस्त व्यवस्था जिला प्रशासन अपने प्रयास से कराएगा।

## सुख-सुविधाओं का त्याग अहिंसा का पहला सूत्र : भाव भूषण

» संवाददाता

मेरठ। प्राणियों के जीवन के अनुपालन एवं संरक्षण में सहायता करना, दूसरों के दुखों को बांटना और अपनी अत्यंत सुख सुविधाओं का दूसरों के लिए त्याग करना अहिंसा का पहला सूत्र है। मनुष्य को इसे अपनाकर धर्म लाभ अर्जित करना चाहिए। उक्त प्रवचन श्री दिगंबर जैन प्राचीन बड़ा मंदिर पर चल रहे श्री शांतिनाथ विधान के मध्य आचार्य भाव भूषण महाराज ने प्रवचन करते हुए कहे। त्रिमूर्ति जिनालय में चल रहे श्री शांतिनाथ महामंडल विधान के 12 वें दिन मुख्य वेदी पर विराजमान भगवान का जलाभिषेक किया गया। तत्पश्चात् सोमवार को भगवान की शांतिधारा संजीव जैन आकर्ष जैन वर्षा जैन आस्था जैन आदि ने की। सायंकाल में श्रद्धालुओं ने भगवंतों की आरती कर पुण्य का संचय किया। विधान में 120 परिवारों ने भाग लिया। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम में गुरुकुल के छात्रों ने प्रस्तुति देकर भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाप्रबंधक मुकेश जैन, अतुल जैन उमेश जैन, गुरमीत सिंह अनुपम सुदर्शन जैन आदि का सहयोग रहा।

# महंगाई और पेपर लीक के खिलाफ सपा का प्रदर्शन



» संवाददाता

मेरठ। सोमवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने महंगाई, पेपर लीक और प्रदेश में बढ़ते अपराधों के विरोध में जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान सपा कार्यकर्ता हाथों में मेलोडी टॉफी के पैकेट लेकर पहुंचे और केंद्र व प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन का नेतृत्व समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी ने किया। सपा कार्यकर्ता पहले कमिश्नरी पार्क में एकत्र हुए, जिसके बाद पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मेलोडी टॉफी के पैकेट लहराकर सांकेतिक विरोध दर्ज कराया।

सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेशों में टॉफियां बांटने में व्यस्त हैं, जबकि देश की जनता महंगाई और अपराध जैसी समस्याओं से परेशान है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश में शायद ही कोई ऐसी परीक्षा बची हो, जिसका पेपर लीक न हुआ हो। उन्होंने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। प्रदर्शनकारियों ने पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस सिलेंडर और खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों को लेकर भी सरकार को घेरा।

# निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ

» संवाददाता

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में छात्राओं एवं महिला कर्मचारियों के स्वास्थ्य संवर्धन के उद्देश्य से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर स्वामी कल्याणदेव चिकित्सालय एवं महिला अध्ययन केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति प्रो. संगीता शुक्लाजी के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में आयोजित किया जा रहा है। इस पहल को लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज, मेरठ का सहयोग प्राप्त है। स्वास्थ्य जांच शिविर में विश्वविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों को विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जांच सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं, जिनमें ब्लड शुगर, थायरॉयड एवं लिपिड प्रोफाइल सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण शामिल रहे। इसके अतिरिक्त विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श भी प्रदान किया गया। स्वास्थ्य जांच अभियान दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण 1 जून से 5 जून तक तथा द्वितीय चरण 6 जुलाई से 10 जुलाई तक संचालित होगा, जिससे अधिकाधिक छात्राओं एवं महिला कर्मचारियों को स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श का लाभ मिल सके।

# स्केटर्स ने चैंपियनशिप में झटके कई पदक

» संवाददाता

मेरठ। मेरठ के बीआईटी स्कूल में आयोजित ओपन नेशनल स्केटिंग चैंपियनशिप में ट्रांसलम एकेडमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कई जिलों के खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए ट्रांसलम के स्केटर्स ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों पर कब्जा जमाया। खिलाड़ियों की इस सफलता से विद्यालय प्रशासन और खेल प्रेमियों में भारी उत्साह है। रविवार को आयोजित इस चैंपियनशिप में मेरठ, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, सहारनपुर, वाराणसी, बरेली और शामली सहित विभिन्न जनपदों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। कड़े मुकाबले में अंडर-5 (एडजस्टेबल कैटेगरी) युवान तोमर ने अपनी रफ्तार का जादू बिखेरते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। अंडर-7 (क्वाड्स कैटेगरी) में वसी अख्तर एवं आरव गुप्ता ने एक-एक कांस्य पदक जीता। अंडर-9 कैटेगरी यशिका और अदिति तोमर ने एक-एक रजत तथा एक-एक कांस्य पदक पर कब्जा किया। इसी वर्ग की एडजस्टेबल कैटेगरी में अभिनंदन ने दो रजत पदक जीते। अंडर-11 कैटेगरी मुद्रिका रस्तोगी ने दो स्वर्ण पदक, अयांश ने दो रजत पदक अपने नाम किए। अंडर-14 (इनलाइन कैटेगरी) में आराध्या ने दो स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का मान बढ़ाया। खिलाड़ियों की सफलता पर विद्यालय चेयरमैन सीमांत जैन एवं प्रधानाचार्य धीरज आर्य ने सभी विजेता खिलाड़ियों और उनके कोच अंकित को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बाइक हटाने के विवाद में युवक पर किया जानलेवा हमला

मेरठ। बुबकपुर गांव में घर के सामने खड़ी बाइक हटाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष के लोगों ने दूरे पक्ष के युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर दी है। बुबकपुर निवासी सद्दाम ने अपने घर के सामने अपनी बाइक खड़ी कर रखी थी। आरोप है कि तभी बाइक सवार दो युवक वहां पहुंचे और हार्न बजाकर बाइक हटाने के लिए कहने लगे। सद्दाम ने इसका विरोध किया तो उन दोनों में कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी बीच आरोपी युवकों ने अपने अन्य साथियों को वहां बुला लिया और सद्दाम पर जानलेवा हमला कर दिया। धारदार हथियार से उसपर कई वार किए, जिससे वह घायल हो गया।

# किसान-मजदूर संगठन का तहसील पर धरना प्रदर्शन

» संवाददाता

मेरठ। किसान-मजदूर हित संगठन ने विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील में धरना प्रदर्शन किया।इस दौरान उन्होंने एसडीएम को एक ज्ञापन देकर समस्याओं से अवगत कराया और जनहित में समस्याओं के समाधान की मांग की। जल्द समाधान न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। एसडीएम ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया। एसडीएम को सौंपे गए ज्ञापन में संगठन के जिला अध्यक्ष देवराज पुंडीर ने मुख्य रूप से खाद एवं यूरिया के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। कहा कि सहकारी समितियों पर खाद की उपलब्धता की जांच कराई जाए तथा निजी दुकानदारों द्वारा की जा रही कथित कालाबाजारी पर कार्रवाई की जाए। इसके अलावा क्षेत्र में आवारा पशुओं की समस्या को गंभीर बताते हुए कहा गया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है, जिससे किसानों की फसलें लगातार नुकसान झेल रही हैं। संगठन ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत बिछाई जा रही पाइपलाइन के कार्यों पर भी सवाल उठाए। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि पाइपलाइन डालने के दौरान गांवों की सड़कों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है, जबकि अनुबंध के अनुसार ठेकेदार को सड़कों का पुनर्निर्माण करना चाहिए। साथ ही पाइपों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाते हुए कहा गया कि कई स्थानों पर पाइपलाइन से लीकेज की शिकायतें सामने आ रही हैं।

# खेल विश्वविद्यालयमें स्पोर्ट्स जर्नलिज्म डिप्लोमा प्रारम्भ

» संवाददाता



मेरठ। मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय मे नए शैक्षणिक सत्र का आरंभ हो गया है। खेल विवि स्पोर्टस जर्नलिज्म डिप्लोमा आरंभ कर दिया है। इस बात की जानकारी कृषि विवि में आयोजित मीडिया को ब्रीफिंग करते हुए खेल विवि के कुलपति मेजर जनरल दीप अहलावति ने जानकारी दी।

कुलपति महोदय ने कुलाधिपति व सीएम के प्रति खेलों के विकास, खेल संस्कृति के सुदृढ़ीकरण तथा राज्य में विश्वस्तरीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण हेतु उनके दूरदर्शी नेतृत्व, सतत मार्गदर्शन एवं पूर्ण सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

कुलपति ने कहा कि मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय की परिकल्पना खेल, शिक्षा, विज्ञान एवं अनुसंधान को एकीकृत मंच पर लाने वाली एक अग्रणी संस्था के रूप में की गई है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य ऐसा सशक्त वातावरण विकसित करना है, जहाँ प्रतिभाशाली खिलाड़ियों, खेल पेशेवरों, प्रशिक्षकों तथा कोचों को विकसित होने और देश की खेल उपलब्धियों में योगदान देने के अवसर प्राप्त हों।

तेजी से विस्तार कर रहे खेल उद्योग में युवाओं के लिए नए करियर अवसर सृजित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय आगामी शैक्षणिक सत्र से स्पोर्ट्स जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन में पी.जी डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारंभ करने जा रहा है। यह कार्यक्रम खेलों में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए खेल पत्रकारिता, ब्रॉडकास्टिंग, डिजिटल कंटेंट निर्माण, कमेंट्री, जनसंपर्क तथा खेल संचार जैसे क्षेत्रों में करियर के नए द्वार खोलेगा।

इस पाठ्यक्रम का शुभारंभ इसलिए भी विशेष महत्व रखता है क्योंकि मेरठ को देश की स्पोर्ट्स सिटी के रूप में जाना जाता है और यह भारत के सबसे बड़े खेल सामग्री निर्माण केंद्रों में से एक है।

## अभिराज और यशराज का नेपाल स्केटिंग चैंपियनशिप में चयन

» संवाददाता

मेरठ। बीआईटी ग्लोबल स्कूल में आयोजित ओपन नेशनल स्केटिंग प्रतियोगिता में बिजौली के केडी इंटरनेशनल स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों अभिराज शर्मा एवं यशराज शर्मा ने ओपन नेशनल स्केटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त कर विद्यालय, परिवार एवं जनपद का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में 12 स्कूल के करीब 150 बच्चों ने प्रतिभाग किया। दोनों विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन आगामी नेपाल स्केटिंग चैंपियनशिप के लिए भी किया गया है। यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन एवं खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है।



## मुख्यमंत्री ने पुलिस के 312 नए वाहनों को दिखाई हरी झंडी

» एजेंसी। गुरुग्राम

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए हरियाणा पुलिस के बेड़े में शामिल 310 नई मोटरसाइकिलों और दो कारों को सोमवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये सभी वाहन आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहन यानी ईआरवी के रूप में काम करेंगे। वाहन कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत हॉंडा मोटर फाउंडेशन द्वारा हरियाणा पुलिस को उपलब्ध कराए गए हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने हरियाणा पुलिस के रिस्पांस टाइम की सराहना करते हुए कहा कि देश में ईआरवी का औसत रिस्पांस टाइम लगभग 18 मिनट है, जबकि हरियाणा पुलिस ने इसे घटाकर सात मिनट तीन सेकेंड कर दिया है। मुख्यमंत्री ने इसे सुशासन का वास्तविक स्वरूप बताया। उन्होंने कहा कि हमने पुलिस विभाग में आधुनिक उपकरणों की व्यवस्था कर आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को मजबूत किया है। ये ईआरवी उसी श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण कदम हैं। मुख्यमंत्री ने जनता से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की भी अपील की।

## विक्ट्री रेडर्स ने जीता मुकाबला

» एजेंसी। फरीदाबाद

सेक्टर-15 स्थित दशहरा क्रिकेट मैदान पर सोमवार को खेले गए मुकाबले में विक्ट्री रेडर्स ने पावर हिटर्स को दो विकेट से हरा दिया। 15 ओवर के मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए पावर हिटर्स की टीम 80 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से तुषार सक्सेना ने 24 और मानव बघेल ने 11 रन बनाए। अन्य कोई खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। विक्ट्री की ओर से अमर ने 30 रन देकर चार विकेट चटकाए जबकि धीरू, सौरव और असलान को दो-दो विकेट मिले। लक्ष्य का पीछा करते हुए विक्ट्री की टीम ने 12.5 ओवर में मुकाबला जीता लिया। टीम की ओर से विनीत ने 18 और प्रिंस ने 11 रन बनाए।

## कार का शीशा तोड़कर नगदी-आभूषण चोरी

» एजेंसी। बल्लभगढ़

शहर में वाहनों के शीशे तोड़कर सामान चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामले में सेक्टर-10 स्थित पार्क अस्पताल रोड पर खड़ी कार का शीशा तोड़कर चोर नगदी, चांदी के जेवर, महत्वपूर्ण दस्तावेज और अन्य सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-75 बीपीटीपी निवासी रश्मि ने बताया कि वह पिछले 10 वर्षों से सेक्टर-12 स्थित सरल केंद्र में कार्यरत हैं।

# मेक इन हरियाणा पॉलिसी राज्य के आर्थिक विकास का रोडमैप: नायब सैनी

» एजेंसी। गुरुग्राम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज हमने हरियाणा के भविष्य की एक नई दिशा और दशा तय की है। एक ऐसा भविष्य, जहां प्रशासन व व्यवस्था और अधिक तीव्र होगी। उद्योग और अधिक सशक्त होंगे, निवेश प्रक्रिया और अधिक सरल होगी। आज का दिन हरियाणा के औद्योगिक विकास और निवेश के दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। गुरू द्रोणाचार्य की पवित्र भूमि से स्मार्ट निवेश सुविधा पोर्टल, लगभग एक लाख 10 हजार करोड़ रुपये के एमओयू और हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल इंवेस्टर समिट के लोगो (प्रतीक चिन्ह) का अनावरण हुआ है। इसके लिए उन्होंने सभी निवेशकों को बधाई दी।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को यहां ग्रैंड हयात होटल में हरियाणा सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग द्वारा तैयार की गई मेक इन हरियाणा पॉलिसी 2026 तथा नो सेक्टोरल नीतियों




की लांचिंग के समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने निवेशकों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम को और अधिक प्रभावी बनाया है ताकि किसी भी उद्योगपति या निवेशक को स्वीकृतियों के लिए विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि जब राज्य का बजट तैयार किया गया था तब उद्योगपतियों के बीच जाकर सुझाव आमंत्रित किए थे और उन सुझावों को गंभीरता से लेते हुए नई औद्योगिक नीतियों में शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 1.10 लाख करोड़ रुपये के निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर होना इस बात का प्रमाण है कि उद्योग जगत को हरियाणा सरकार पर पूरा भरोसा है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि ये एमओयू केवल निवेश के आंकड़े नहीं हैं, बल्कि हरियाणा के उज्ज्वल भविष्य का विश्वास है। इससे नए उद्योग स्थापित होंगे, नई सप्लाई चेन विकसित होगी, एमएसएमई क्षेत्र को नए अवसर मिलेंगे तथा युवाओं के लिए रोजगार के व्यापक द्वार खुलेंगे। यह हरियाणा की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा देने वाला कदम है। नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा ऐसा भविष्य तैयार कर रहा है जहां प्रशासनिक व्यवस्था तेज गति से कार्य करे। उद्योग और अधिक सशक्त बनें, निवेश प्रक्रिया सरल हो तथा विकास के अवसर व्यापक हों। उन्होंने कहा कि आज आज उद्योग केवल इंसेंटिव नहीं, बल्कि इको सिस्टम भी देखते हैं और वो यह भी देखते हैं कि कौन-सा राज्य तेज निर्णय लेने में सक्षम है। कौन सा राज्य भरोसा देता है और लंबे समय तक विकास में साझेदार बन सकता है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि आज हरियाणा देश की सबसे मजबूत उद्योग अर्थव्यवस्था में से एक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मेक इन हरियाणा पॉलिसी केवल एक औद्योगिक नीति नहीं, बल्कि राज्य के आर्थिक विकास के अगले चरण का व्यापक रोडमैप है।

# महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ इनेलो का प्रदर्शन

» एजेंसी। पलवल

देश में बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों तथा बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर सोमवार को इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने लघु सचिवालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के उपरांत पार्टी नेताओं ने जिला उपायुक्त डॉ. जयेंद्र सिंह छिल्लर के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर सरकार से महंगाई पर नियंत्रण और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व डबवाली से विधायक अदित्य देवीवाल ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए विधायक आदित्य देवीलाल ने कहा कि देश और प्रदेश में महंगाई लगातार बढ़ रही है। पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि होने से आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि केवल ईंधन ही नहीं, बल्कि दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दामों में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही



है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि महंगाई के कारण आम नागरिकों और गृहिणियों का घरेलू बजट पूरी तरह प्रभावित हो गया है। सरकार को आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

विधायक आदित्य देवीलाल ने बेरोजगारी के मुद्दे पर भी सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रदेश के युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी नौकरियों की भर्ती प्रक्रिया को लेकर युवाओं में असंतोष है और बड़ी संख्या में युवा अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध नहीं होने के कारण युवाओं में निराशा बढ़ रही है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष महेंद्र चौहान, महिला जिला अध्यक्ष सुनीता सौरोत, रतन सिंह सौरोत, महावीर चौहान, जवाहर डागर, अजीत बाबी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

» एजेंसी। बल्लभगढ़

नेशनल हाइवे पर गुडईयर चौक के निकट संत सूरदास मेट्रो स्टेशन के पास हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान रमेश कॉलोनी, सेहतपुर निवासी सुरेश चंद्र के रूप में हुई है, जिनका दिल्ली के ट्रॉमा सेंटर में उपचार चल रहा है। पीड़ित परिवार ने कार चालक पर लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। घायल की पत्नी वीना देवी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पति सुरेश चंद्र बदरपुर स्थित एक बैटरी की दुकान पर कार्य करते हैं। 30 मई की शाम करीब सात बजे उन्हें फोन पर सूचना मिली कि उनके पति का सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सूचना मिलने पर वह दुकान मालिक संजय गांधी तथा अन्य परिचितों के साथ पहले बल्लभगढ़ के सिविल अस्पताल पहुंचीं, जहां से चिकित्सकों ने घायल को बीके अस्पताल रेफर कर दिया। बाद में उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें दिल्ली ट्रॉमा सेंटर भेज दिया गया।

# नॉर्थ जोन जुजुत्सु प्रतियोगिता में जिले ने जीते 13 स्वर्ण समेत 25 पदक

» एजेंसी। फरीदाबाद

गाजियाबाद के जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में 29 से 31 मई तक आयोजित नॉर्थ जोन जुजुत्सु प्रतियोगिता में फरीदाबाद के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। हरियाणा की टीम की तरफ से खेलते हुए फरीदाबाद के खिलाड़ियों ने 13 स्वर्ण, 7 रजत और 5 कांस्य पदक सहित कुल 25 पदक हासिल किए।

तीन दिवसीय प्रतियोगिता में दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के लगभग 550 प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया था। इसमें सबसे ज्यादा लगभग 125 खिलाड़ी हरियाणा से शामिल हुए। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने नी बाजा और फाइटिंग दोनों वर्गों में अपना दमखम दिखाया। अंडर-10 के बालक वर्ग में 36 किलोग्राम भार वर्ग में केशव राणा ने शानदार खेल दिखाते हुए नी वाजा और फाइटिंग दोनों ही स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीता। अंडर-12 के 25 किलोग्राम में रिद्धिमान सिंह ने भी नी वाजा व फाइटिंग दोनों में ही स्वर्ण जीता। वहीं, 36 किलोग्राम में विहान दास ने फाइटिंग में स्वर्ण और नी वाजा में रजत पदक जीता।

अंडर-14 के 62 किलोग्राम भार वर्ग में पर्वभव सैनी ने भी नी वाजा और फाइटिंग दोनों में स्वर्ण पदक झटके। अंडर-16 के 52 किग्रा में कार्तिकेय चौधरी ने फाइटिंग में रजत पदक जीता। इसके अलावा बालिका वर्ग में भी खिलाड़ियों ने दम दिखाया। 25 किलोग्राम भार वर्ग में तितिक्षा कात्यायन ने नी वाजा में स्वर्ण व फाइटिंग में रजत, जबकि इसी वर्ग में वाणी अग्रवाल ने फाइटिंग में स्वर्ण पदक और नी वाजा में रजत पदक हासिल किया।

अंडर-14 के 36 किलोग्राम में हर्षी अग्रवाल ने नी वाजा व फाइटिंग में रजत पदक जीता। 52 किलोग्राम में दीशिता फ़ानीश ने नी वाजा में स्वर्ण और फाइटिंग में कांस्य पदक हासिल किया। अंडर-18 में 48 किलोग्राम में अवनी फागना ने नी वाजा में स्वर्ण और फाइटिंग में कांस्य जीता।

## सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गीतिका और तमन्ना ने जीता रजत

» एजेंसी। गुरुग्राम

राज्य सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता का आयोजन द्रोणाचार्य स्टेडियम में 30 से 31 मई तक किया गया, जिसमें प्रदेशभर के प्रतिभाशाली एथलीटों ने हिस्सा लिया। महिला वर्ग में गीतिका दहिया ने 800 मीटर दौड़ और तमन्ना यादव ने 400 मीटर हर्डल्स स्पर्धा में रजत पदक जीतकर जिले की पदक तालिका में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं, इससे पहले अभिषेक ने 110 मीटर हर्डल्स स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। सत्यवीर धनखड़ मीडिया प्रभारी खेल और एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव प्रदीप मलिक ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से खेल प्रेमियों और खेल अधिकारियों में खुशी का माहौल है। एथलेटिक्स हरियाणा के मुख्य चयनकर्ता यशपाल चोपड़ा ने बताया कि राज्य चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा।

# होम साईंराम इंडस्ट्री में भीषण आग, लाखों का नुकसान

» एजेंसी। गुरुग्राम

हरियाणा के गुरुग्राम के मुसेदपुर-खुर्रमपुर गांव के पास स्थित होम साईंराम इंडस्ट्री में शनिवार की आधी रात को भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि उसकी लपटें और धुएं के गुबार कई किलोमीटर दूर तक दिखाई दिए। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। आग की गंभीरता को देखते हुए विभिन्न फायर स्टेशनों से अतिरिक्त दमकल गाड़ियां बुलानी पड़ीं।

पुलिस के अनुसार, शनिवार की आधी रात के बाद मुसेदपुर-खुर्रमपुर गांव के पास स्थित होम साईंराम इंडस्ट्री में फैक्ट्री में आग लग गई। रात का समय होने के कारण शुरुआत में आग की वास्तविक स्थिति का अंदाजा लगाना मुश्किल था, लेकिन मौके पर पहुंची दमकल टीमों ने आग की तीव्रता को देखते हुए तुरंत अतिरिक्त सहायता की मांग की। पटौदी फायर स्टेशन के अलावा मानेसर, भीमनगर, सेक्टर-23 और सेक्टर-29 समेत कुल छह फायर स्टेशनों से दमकल वाहन घटनास्थल पर भेजे गए। स्थिति पर काबू पाने के लिए कुल आठ फायर टेंडरों को लगाया गया।

दमकल कर्मियों ने फैक्ट्री को चारों ओर से घेरकर आग बुझाने का अभियान शुरू किया। कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि रात के समय फैक्ट्री बंद होने और श्रमिकों के मौजूद नहीं होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई। भीषण आग के चलते फैक्ट्री में रखा कीमती कच्चा माल, तैयार उत्पाद और मशीनरी पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक रंजीत सिंह ने युरेशिया प्रिंटिंग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी सूरज कुण्ड रोड, मेरठ-250001 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर कार्यालय : म0स0 1 सतीश चंद्र भवन, रिठानी पूठा रोड, निकट रेलवे क्रासिंग, मेरठ-250103 (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादक : रंजीत सिंह  आरएनआई नं0 UPHIN2001/03844